
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

13 अगस्त 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

जीवन छोटा है, इसे गुस्से, पछतावे

और चिंता में व्यर्थ न करें ।

गौतम बुद्ध



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

मधु प्रिया

# विश्व अंगदान दिवस 13 अगस्त




आधुनिक चिकित्सा पद्धति की वजह से अंगों को एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में प्रत्यारोपित करना संभव बना दिया है और उन्हें स्वस्थ जीवन जीने में सक्षम बनाता है। पहला सफल अंग प्रत्यारोपण 1954 में संयुक्त राज्य अमेरिका में किया गया था।डॉक्टर जोसेफ मरे ने 1990 में जुड़वा भाइयों डोनाल्ड और रिचर्ड हेरिक के बीच किडनी प्रत्यारोपण को सफलतापूर्वक करने के लिए फिजियोलॉजी और मेडिसिन में नोबेल पुरस्कार जीता। अब देश और दुनिया में अंग प्रत्यारोपण बढ़ गए हैं लोग अंग डोनेट भी कर रहे हैं। प्रत्येक वर्ष 13 अगस्त को विश्व अंगदान दिवस मनाया जाता है। अंगदान जीवन का सबसे बड़ा महापुण्य है, इससे दूसरे लोगों के जीवन को बचाया जा सकता है। यह दिवस लिए मनाया जाता है ताकि लोगों में अंगदान करने के प्रति जागरूकता फैले। जिस व्यक्ति के ब्रेन को डेड घोषित कर देते हैं, उनका अंगदान किया जा सकता है। यह व्यक्ति किसी भी उम्र का हो सकता है जन्म से लेकर 65 साल तक के व्यक्ति के अंगों को डोनेट किया जा सकता है। जिन व्यक्ति का ब्रेन डेड हो जाता है उसकी बचने की संभावना नहीं के बराबर होती है, उनके अंगों का दान किया जा सकता है। अंगों में हृदय, हृदय वाल्व, फेफड़े, किडनी, लीवर अस्थिंया, कार्निया,आंख की पुतली,आंत, अस्थि ऊतक, नसें, त्वचा,खून की नलियां इत्यादि दान किए जा सकते हैं। दान किए गए लिवर को 6 घंटे में ट्रांसप्लांट कर देना चाहिए, किडनी को 12 घंटे तक, पेनक्रियाज को 24 घंटे के भीतर दिल को 4 घंटे के भीतर दूसरे व्यक्ति में प्लांट कर देना चाहिए। नेचुरल मौत पर हृदय के वाल्व, हड्डी, नसें, त्वचा और कार्निया दान कर सकते हैं। डायबिटीज, कैंसर, हृदय रोगी भी अंगदान कर सकते हैं लेकिन डॉक्टर से सलाह लेना जरूरी है। 18 साल के कम उम्र वालों के अंगदान करने के लिए मां-बाप की अनुमति जरूरी है।

# पुण्यतिथि विशेष 13 अगस्त




**भीकाजी रुस्तम कामा** अथवा 'मैडम कामा' *Bhikaiji Cama*, जन्म: 24 सितंबर, 1861; मृत्यु- 13 अगस्त, 1936) का नाम क्रांतिकारी आन्दोलन में विशेष उल्लेखनीय है, जिन्होंने विदेश में रहकर भी भारतीय क्रांतिकारियों की भरपूर मदद की थी। उनके ओजस्वी लेख और भाषण क्रांतिकारीयों के लिए अत्यधिक प्रेरणा स्रोत बने। भीकाजी रुस्तम कामा भारतीय मूल की फ़्राँसीसी नागरिक थीं, जिन्होंने लन्दन, जर्मनी तथा अमेरिका का भ्रमण कर भारत की स्वतंत्रता के पक्ष में माहौल बनाया। वे जर्मनी के स्टटगार्ट नगर में 22 अगस्त 1907 में हुई सातवीं अंतर्राष्ट्रीय कांग्रेस में तिरंगा फहराने के लिए सुविख्यात हैं। उस समय तिरंगा वैसा नहीं था जैसा वर्तमान में है। ये मैडम कामा के नाम से प्रसिद्ध हैं।

# संख्या

## प्राकृतिक संख्या(Natural Number)

गिनती की संख्या को प्राकृतिक संख्या कहते हैं। जैसे-1,2,3,4 इत्यादि।

सबसे बड़ी प्राकृतिक संख्या अनंत है।
सबसे छोटी प्राकृतिक संख्या 1 है।

## पूर्ण संख्या (Whole Number)

गिनती की संख्या में अगर '0'को शामिल कर लिया जाए तो यह पूर्ण संख्या कहलाती है। जैसे-0,1,2,3,4 इत्यादि।

सबसे छोटी पूर्ण संख्या 0 है।

## पूर्णांक (Integer)


धनात्मक (+ve) संख्यायें, ॠणात्मक (-ve) संख्यायें और 0 को पूर्णांक कहते हैं।

'0' धनात्मक या ॠणात्मक नहीं होता है।
-1,-2 को ॠणात्मक पूर्णांक कहते हैं।
1,2 आदि को धनात्मक पूर्णांक कहते हैं।

Anu priya, Science Teacher



# अम्ल,क्षार और लवण



## लवण क्या है ?



कक्षा 10

**लवण एक आयनिक यौगिक है जो अम्ल और क्षार के अभिक्रिया के कारण बनते हैं।**
**लवण उदासीकरण अभिक्रिया के परिणामस्वरूप बनते हैं।**

**अम्ल + क्षार ⟶ लवण + जल**

**लवण दो प्रकार के आयनों से मिलकर बने होते हैं।**

**लवण**

| धनात्मक आयन | ऋणात्मक आयन |
| --- | --- |
| धात्विक भाग | अधात्विक भाग |


(अपवाद - अमोनियम आयन)

**लवण एक ऐसा यौगिक है जो किसी धात्विक आयन या अमोनियम आयन द्वारा अम्ल में उपस्थित हाइड्रोजन के आंशिक या पूर्ण प्रतिस्थापन के फलस्वरूप बनता है।**

**जैसे – सोडियम बाई सल्फेट, सोडियम सल्फेट , सोडियम क्लोराइड**


# TOB TLM

## आओं सीखें तुकांत शब्द



**मोर**

शोर, चोर



**आम**

काम, नाम




**फूल**

धूल, शूल,



**घर**

पर, सर




**पानी**

नानी, रानी



**नल**

जल, थल



**आलू**

भालू, लालू



**माला**

ताला, जाला



Punita Kumari

TOB खेल कॉर्नर

# ऑस्ट्रेलिया की लगातार टी-20 जीत

| अंतर | खिलाफ | मैदान | तारीख |
|---|---|---|---|
| 17 रन | सा. अफ्रीका | डार्विन | 10 अगस्त 2025 |
| 3 विकेट | वेस्टइंडीज | बासेटेरे | 28 जुलाई 2025 |
| 3 विकेट | वेस्टइंडीज | बासेटेरे | 26 जुलाई 2025 |
| 6 विकेट | वेस्टइंडीज | बासेटेरे | 25 जुलाई 2025 |
| 8 विकेट | वेस्टइंडीज | किंग्सटन | 22 जुलाई 2025 |
| 3 विकेट | वेस्टइंडीज | किंग्सटन | 20 जुलाई 2025 |
| 7 विकेट | पाकिस्तान | होबार्ट | 18 नवंबर 2024 |
| 13 रन | पाकिस्तान | सिडनी | 16 नवंबर 2024 |
| 29 रन | पाकिस्तान | ब्रिस्बेन | 14 नवंबर 2024 |

Teachers of Bihar

The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 13.08.2025

## आत्म-नियमन का सिद्धांत

आत्म-नियमन का सिद्धांत, जिसे स्व-विनियमन का सिद्धांत भी कहा जाता है, बताता है कि लोग अपने व्यवहार, भावनाओं और विचारों को नियंत्रित करने की क्षमता रखते हैं. यह क्षमता उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने और बदलती परिस्थितियों के अनुकूल ढलने में मदद करती है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



गुवाहाटी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के नवनिर्मित टर्मिनल II को परिवहन श्रेणी में प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय वास्तुकला पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।



राकेश कुमार

# Teachers of Bihar

The change makers




## गुणकारी सब्जियां


### गाजर



मुझमें vit.A,C,K, बीटा कैरोटिन , ल्यूटिन, जेक्सैंथिन, फाइबर आदि पाया जाता है। मैं आंखों के लिए बहुत फायदेमंद हूं।

Anu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
पद्य पंकज
"
पर को न मालिन करता आना
पद चिन्ह न दे जाता जाना
सुधि मेरे आगम की जगह में
सुख की सिहरन बन अंत खिली!
महादेवी वर्मा
Madhu priya
www.padyapankaj.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
आजादी के आंदोलन में
उल्लेखनीय योगदान देने वाली
महान क्रांतिकारी
स्व. भीकाजी रुस्तम कामा
'मैडम कामा' जी
की पुण्यतिथि पर
विनम्र श्रद्धांजलि
24 सितंबर, 1861-13 अगस्त, 1936
www.teachersofbihar.org
Madhu priya




# विश्व अंगदान दिवस

अंगदान के महत्व के लिए जागरुकता फैलाये और अंगदान से
जुड़े गलतफहमियों के प्रति लोगों को जागरुक करे।

www.teachersofbihar.org

Madhu priya